तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

बेमेतरा भूमि

रायपुर, मंगलवार 27 अक्टूबर 2026

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

12 लोकतंत्र बचाओ अभियान और दिल्ली कूच की तैयारियों पर...



11 अग्रवाल समाज का निःशुल्क स्वास्थ्य ...





खबर संक्षेप

जिला अस्पताल की ओपीडी का समय बदला

बेमेतरा। जिला चिकित्सालय में 1 नवंबर से ओपीडी के समय में बदलाव किया जाएगा। शीतकालीन व्यवस्था के तहत नवंबर 2026 से फरवरी 2027 तक मरीजों को सुबह 9 से दोपहर 1 बजे और शाम 4 से 6 बजे तक ओपीडी सेवाएं मिलेंगी। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के निर्देशानुसार स्वास्थ्य संस्थाओं में मौसम के अनुरूप ओपीडी का समय निर्धारित किया गया है। इसके तहत नवंबर से फरवरी तक सुबह की ओपीडी पूर्ववत सुबह 9 से दोपहर 1 बजे तक संचालित होगी, जबकि शाम की ओपीडी का समय शाम 4 से 6 बजे तक रहेगा। वहीं, मार्च से अक्टूबर तक शाम की ओपीडी शाम 5 से 7 बजे तक संचालित की जाएगी। जिला चिकित्सालय प्रबंधन ने सभी विशेषज्ञों,चिकित्सा अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्धारित समय के अनुसार सेवाएं संचालित करने के निर्देश दिए हैं। सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक ने जिले के नागरिकों से अपील की है कि अस्पताल पहुंचने से पहले ▶▶| शेष पेज 11 पर

नवाचार से शिक्षा को नई दिशा देने वाले 11 शिक्षक 'समाज दीप रत्न सम्मान' से सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

बाल-केंद्रित शिक्षा और विद्यालय विकास में योगदान की सराहना



शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार, विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और समाज सेवा में उल्लेखनीय योगदान देने वाले छत्तीसगढ़ के 11 शिक्षक-शिक्षिकाओं को 'समाज दीप रत्न सम्मान 2026' से सम्मानित किया गया। शिक्षक कला प्रतिभा अकादमी छत्तीसगढ़ (समग्र विकास मंच) की ओर से आयोजित राज्य स्तरीय सम्मान समारोह में शिक्षकों के नवाचारी प्रयासों और समर्पण की सराहना की गई।

सम्मानित शिक्षक-शिक्षिकाएं अपने विद्यालयों में रचनात्मक गतिविधियों, बाल-केंद्रित शिक्षा, विद्यालय विकास और बेहतर शैक्षणिक वातावरण के निर्माण के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। उनके प्रयासों से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, सृजनात्मकता, नेतृत्व क्षमता, सीखने की रुचि और सामाजिक चेतना विकसित हो रही है। ये शिक्षक शिक्षा को पाठ्यपुस्तकों तक सीमित रखने के बजाय बच्चों की प्रतिभा पहचानने, उन्हें आगे बढ़ने के अवसर देने और विद्यालयों को समाज से जोड़ने की दिशा में काम कर रहे हैं।

सांसद विजय बघेल रहे मुख्य अतिथि

राज्य स्तरीय सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि दुर्ग सांसद विजय बघेल रहे, जबकि रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। इस अवसर पर संस्था के संस्थापक संजय कुमार मैथिल, अध्यक्ष मीना भारद्वाज सहित संस्था के पदाधिकारी और गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। अतिथियों के हाथों सभी सम्मानित शिक्षक-शिक्षिकाओं को सम्मान प्रदान किया गया। समारोह में शिक्षकों के नवाचार, मेहनत और सकारात्मक सोच से विद्यालयों में आ रहे बदलावों को शिक्षा के साथ समाज के विकास के लिए भी महत्वपूर्ण बताया गया। शिक्षकों के प्रयास विद्यार्थियों के भविष्य को बेहतर बनाने के साथ एक सशक्त, संवेदनशील और रचनात्मक समाज के निर्माण की दिशा में भी योगदान दे रहे हैं।

इन शिक्षक-शिक्षिकाओं का हुआ सम्मान: 'समाज दीप रत्न सम्मान 2026' से सम्मानित होने वालों में धनेश रजक, प्रधान पाठक, खपरी धोबी; गायत्री जोगी, प्रधान पाठक, राखी; गिरिजा पटेल, प्रधान पाठक, कन्या प्राथमिक शाला देवकर; ममता गुरूपंच,अंबालिका पटेल, प्रधान पाठक, साल्हेपुर; लेखा रजक ▶▶| शेष पेज 11 पर

विरोध

जिलाध्यक्ष अजय साहू ने कांग्रेस नेतृत्व पर साधा निशाना, कहा- राजनीतिक विरोध में भी भाषा की मर्यादा जरूरी

खड़गे के बयान पर भाजपा का प्रदर्शन, पुतला दहन कर जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर दिए गए कथित बयान के विरोध में सोमवार शाम भाजपा कार्यकर्ताओं ने पुराना बस स्टैंड चौक पर पुतला दहन किया। शाम 5 बजे हुए प्रदर्शन में भाजपा नेताओं ने कांग्रेस नेतृत्व की भाषा पर सवाल उठाते हुए राजनीतिक संवाद में मर्यादा बनाए रखने की मांग की।

भाजपा जिलाध्यक्ष अजय साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री के खिलाफ इस तरह की भाषा का इस्तेमाल आपत्तिजनक है। लोकतंत्र में सरकार और प्रधानमंत्री का विरोध करना विपक्ष का अधिकार है, लेकिन विरोध के नाम पर व्यक्तिगत टिप्पणियां करना स्वस्थ राजनीतिक परंपरा के अनुरूप नहीं है। साहू ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि राजनीतिक दलों को अपनी नीतियों, विचारों और कार्यों के आधार पर जनता के बीच संवाद करना चाहिए। अमर्यादित टिप्पणियों से राजनीतिक बहस का स्तर गिरता है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्तर के नेताओं से जिम्मेदार आचरण की अपेक्षा की जाती है। राजनीतिक मतभेदों के बावजूद सार्वजनिक जीवन में शालीनता और लोकतांत्रिक परंपराओं का सम्मान जरूरी है। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता ऐसे बयानों का लोकतांत्रिक तरीके से विरोध करते रहेंगे।

राजनीतिक बहस व्यक्तिगत कटाक्ष के बजाय जनहित के मुद्दों पर केंद्रित होनी चाहिए। प्रदर्शन में जिला उपाध्यक्ष अंजय अंजू बघेल, प्रनीश रजक, मोंटी साहू, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष विजय वर्मा, महामंत्री गौरव यदु, केशव साहू, योगेश वर्मा , युगल देवांगन, नागेश साहू ,धर्मेंद्र साहू सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यकर्ताओं ने खड़गे के कथित बयान के प्रति विरोध जताया।

बिना वैध दस्तावेज के चार भैंसों का परिवहन, चालक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



दुर्ग-बेमेतरा मुख्य मार्ग पर देवकर के पास पुलिस ने मवेशियों के अवैध परिवहन के मामले में पिकअप चालक को गिरफ्तार किया है। वाहन में चार भैंसों को अमानवीय तरीके से भरकर ले जाया जा रहा था। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से मवेशियों और परिवहन में प्रयुक्त पिकअप वाहन को जब्त कर आरोपी को न्यायिक रिमांड पर न्यायालय में पेश किया।

- देवकर के पास पिकअप से मिले मवेशी

पुलिस के अनुसार, सूचना मिली थी कि सफेद रंग के पिक अप वाहन क्रमांक सीजी 04 एनवाई 6686 में मवेशियों को भरकर बेमेतरा से देवकर की ओर ले जाया जा रहा है। इस पर प्रार्थी अपने साथियों के साथ रात करीब तीन बजे एमपी ढाबा, हनुमान मंदिर के पास दुर्ग-बेमेतरा मुख्य मार्ग पर पहुंचा और वाहन को रुकवाया। वाहन में चालक अकेला था। पूछताछ में उसने अपना नाम खेमराज साहू ▶▶| शेष पेज 11 पर

विभिन्न धाराओं में अपराध दर्ज

लिखित आवेदन के आधार पर पुलिस ने छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम, 2004, छत्तीसगढ़ पशु परिवहन अधिनियम, 1978 और मोटरयान अधिनियम के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की। पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. हरीश यादव और एसडीओपी बेरला रुचि वर्मा के मार्गदर्शन में कार्रवाई की गई। विवेचना के दौरान आरोपी ने अपराध स्वीकार किया। पुलिस ने उसे 25 अक्टूबर 2026 को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया। कार्रवाई में उपनिरीक्षक अलील चंद, प्रशिक्षु उपनिरीक्षक ▶▶| शेष पेज 11 पर



खबर संक्षेप

श्रीराम विहार कॉलोनी में सड़क निर्माण की जांच



दुर्ग। वार्ड क्रमांक 53 स्थित श्रीराम विहार कॉलोनी की गली नंबर 2 में सड़क सीमेंटीकरण निर्माण कार्य तेजी से किया जा रहा है। महापौर अलका बाघमार के मार्गदर्शन में विकास कार्य का लोक कर्म प्रभारी देव नारायण चन्द्राकर ने सहायक अभियंता हरिशंकर साहू एवं ठेकेदार साकेत यादव के साथ औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान लोक कर्म प्रभारी ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए मौके पर टेप से सड़क की लंबाई, चौड़ाई एवं गहराई का बारीकी से नाप-जोख किया। उन्होंने निर्माण कार्य को निर्धारित मापदंडों के अनुरूप पूरा करने पर जोर दिया, ताकि नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण सड़क की सुविधा मिल सके। श्रीराम विहार कॉलोनी में श्री हनुमान मंदिर से देशमुख के घर होते हुए मुख्य सड़क तक लगभग 180 मीटर लंबाई में सीमेंटीकरण कार्य कराया जा रहा है। इस निर्माण कार्य की लागत लगभग 9.95 लाख रुपये है। सड़क के जर्जर होने के कारण कॉलोनीवासियों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ता था। वहीं बारिश के दौरान सड़क पर पानी भरने से भी लोगों को दिक्कतें होती थीं,सीमेंटीकरण कार्य पूर्ण होने के बाद इन समस्याओं से काफी हद तक राहत मिलने की उम्मीद है और आवागमन सुगम होगा।

नशे से दूरी और साइबर सुरक्षा का संदेश विद्यार्थियों को दुर्ग पुलिस ने किया जागरूक

भिलाई। युवाओं को नशे के दुष्परिणामों से बचाने और बढ़ते साइबर अपराधों के प्रति सजग करने के उद्देश्य से दुर्ग पुलिस द्वारा जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में थाना उतई क्षेत्र स्थित सेजेस स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें उच्चतर माध्यमिक कक्षाओं के विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने और साइबर सुरक्षा के प्रति सतर्क रहने का संदेश दिया गया। दुर्ग पुलिस के नशा मुक्ति अभियान से नो टू ड्रग्स, से यस टू लाइफ के तहत विद्यार्थियों को नशे के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई। उन्हें समझाया गया कि नशे की लत न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाती है, बल्कि उसके परिवार और भविष्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालती है।

कर प्रणाली में एआई के उपयोग की बेहतर संभावनाएं, कानून की शिक्षा में जीएसटी को शामिल करने से सामने आएंगे बेहतर परिणाम : ओपी चौधरी

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

वित्त मंत्री ओपी चौधरी और शिक्षामंत्री गजेंद्र यादव अंजोरा स्थित पृथ्वी पैलेस में टैक्स बार एसोसिएशन द्वारा आयोजित छत्तीसगढ़ टैक्स टेक समिट 2026 में शामिल हुए। ओपी चौधरी ने इस अवसर पर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लागू वस्तु एवं सेवा कर जीएसटी देश के आर्थिक इतिहास का सबसे बड़ा कर सुधार है। जीएसटी ने देश की जटिल अप्रत्यक्ष कर प्रणाली को सरल, पारदर्शी और अधिक प्रभावी बनाया है। इससे न केवल व्यापारियों और उद्यमियों को राहत मिली है, बल्कि भारतीय अर्थव्यवस्था को वैश्विक बाजार में अधिक प्रतिस्पर्धी बनाने की दिशा में भी महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीक और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग कर प्रशासन तथा कर संबंधी सेवाओं को और अधिक सरल, सटीक एवं प्रभावी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने जीएसटी के कानून की शिक्षा में शामिल किए जाने पर भी जोर दिया। आयोजित कार्यक्रम में जीएसटी अपीलीय अधिकरण की प्रधान पीठ के अध्यक्ष संजय कुमार मिश्रा सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए कर विशेषज्ञ, अधिवक्ता और टैक्स प्रैक्टिशनर्स उपस्थित थे। ओपी चौधरी ने कहा कि जीएसटी लागू होने से पहले देश में 17 प्रकार के अप्रत्यक्ष कर और 23 प्रकार के उपकर प्रचलित थे। अलग-अलग कर व्यवस्थाओं के कारण व्यापारियों को अनेक प्रक्रियागत कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। जीएसटी ने इन करों को एकीकृत कर देश को एक साझा अप्रत्यक्ष कर व्यवस्था प्रदान की है। इससे कर अनुपालन की प्रक्रियाएं सरल हुई हैं, कर प्रणाली में पारदर्शिता बढ़ी है और कर चोरी पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने में सहायता मिली है। उन्होंने कहा कि जीएसटी सुधारों से व्यापारियों पर कर अनुपालन का बोझ कम करने तथा कारोबार को सुगम बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण बदलाव हुए हैं। भारतीय उद्यमियों को अंतरराष्ट्रीय बाजार और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में प्रतिस्पर्धा करने के बेहतर अवसर प्राप्त हुए हैं। विकसित भारत के निर्माण के लिए आधुनिक, पारदर्शी और प्रतिस्पर्धी कर व्यवस्था आवश्यक है तथा जीएसटी इस दिशा में महत्वपूर्ण आधार प्रदान कर रहा है।

वित्त मंत्री ओपी चौधरी एवं शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव टेक समिट 2026 में हुए शामिल



कानून की शिक्षा में जीएसटी को शामिल करने का सुझाव

कार्यक्रम के दौरान टैक्स बार काउंसिल के प्रतिनिधियों ने शिक्षा, विधि एवं विधायी कार्य मंत्री गजेंद्र यादव के समक्ष विधि शिक्षा के पाठ्यक्रम में जीएसटी कानून को शामिल करने का सुझाव रखा। प्रतिनिधियों ने कहा कि वर्तमान आर्थिक परिवेश में जीएसटी का महत्व निरंतर बढ़ रहा है। विधि के विद्यार्थियों को अध्ययन के दौरान ही अप्रत्यक्ष कर प्रणाली और जीएसटी कानून की व्यावहारिक जानकारी मिलने से उन्हें भविष्य में बेहतर व्यावसायिक अवसर प्राप्त हो सकेंगे। संजय कुमार मिश्रा ने कहा कि किसी भी क्षेत्र में सफलता प्राप्त करने के लिए कर्म के साथ ज्ञान का होना आवश्यक है। उन्होंने श्रीमद्भगवद्गीता के संदेश का उल्लेख करते हुए कहा कि ज्ञान के साथ किया गया कर्म लक्ष्य प्राप्ति की दिशा में अधिक प्रभावी होता है। उन्होंने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आज के दौर में विभिन्न पेशेवर क्षेत्रों का महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुका है। कर एवं विधिक क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञ भी इससे अछूते नहीं हैं। बदलते समय के साथ नई तकनीकों को समझना और उनका समुचित उपयोग करना आवश्यक है।

प्रदेशभर के टैक्स विशेषज्ञों ने इस इवेंट में दी सहभागिता

छत्तीसगढ़ टैक्स टेक समिट 2026 का आयोजन टैक्स बार काउंसिल के अध्यक्ष श्री विवेक सारस्वत एवं श्री गोपाल कृष्ण तवनिया के नेतृत्व में किया गया। एसोसिएशन के महासचिव प्रभांक ठाकुर ने बताया कि संघ द्वारा अपने सदस्यों को कर कानूनों में होने वाले बदलावों, नवीन प्रावधानों और तकनीकी नवाचारों की अद्यतन जानकारी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रदेश के विभिन्न जिलों में समय-समय पर ऐसे आयोजन किए जाते हैं। इन कार्यक्रमों के माध्यम से कर विशेषज्ञों को अपने ज्ञान और व्यावसायिक दक्षता में वृद्धि करने का अवसर मिलता है। समिट में जगदलपुर, अंबिकापुर, धमतरी, राजनांदगांव, रायपुर, जांजगीर-चांपा, बिलासपुर और दुर्ग सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों से टैक्स बार एसोसिएशन के सदस्यों ने भाग लिया। कार्यक्रम में जीएसटी कानून, कर अनुपालन, आधुनिक तकनीकों तथा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के व्यावहारिक उपयोग से जुड़े विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श किया गया।

रासायनिक खाद और कीटनाशकों के अंधाधुंध इस्तेमाल पर नियंत्रण

मिट्टी की सेहत बचाने शुरू हुआ खेत बचाओ अभियान, किसानों को किया जा रहा जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

मिट्टी की प्राकृतिक उर्वरता बनाए रखने और खेती को टिकाऊ बनाने के उद्देश्य से दुर्ग जिले में 'खेत बचाओ अभियान' चलाया जा रहा है। कृषि विभाग की ओर से शुरू यह अभियान 30 नवंबर तक चलेगा। अभियान के माध्यम से किसानों को रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों के अत्यधिक उपयोग से होने वाले नुकसान के प्रति जागरूक करने के साथ प्राकृतिक एवं जैविक खेती अपनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। अभियान का मुख्य उद्देश्य मिट्टी की प्राकृतिक गुणवत्ता और स्वास्थ्य को सुरक्षित रखना है। इसके तहत किसानों को वर्मी कंपोस्ट, गोबर खाद, राइजोबियम कल्चर, ट्राइकोडर्मा और वेस्ट डीकंपोजर जैसी उपयोगी जैविक सामग्रियों के इस्तेमाल की जानकारी दी जा रही है। कृषि विभाग का जोर खेती में रासायनिक साधनों पर निर्भरता कम करने और मिट्टी की उर्वरता लंबे समय तक बनाए रखने पर है।

प्राकृतिक खेती को मिलेगा बढ़ावा, बैठक लेकर दी जा रही जानकारी



हर विकासखंड में होंगे कम से कम 35 कार्यक्रम

अभियान को प्रभावी बनाने के लिए जिले के प्रत्येक विकासखंड में न्यूनतम 35 जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। प्रत्येक कार्यक्रम में 50 से 100 किसानों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का लक्ष्य रखा गया है। इन कार्यक्रमों के माध्यम से किसानों को खेती की उन्नत और पर्यावरण के अनुकूल तकनीकों की जानकारी दी जाएगी। अभियान में जनप्रतिनिधियों, महिला स्व-सहायता समूहों, किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) और कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों की सहभागिता भी ली जा रही है। कार्यक्रमों की पारदर्शिता और नियमित निगरानी के लिए जिला स्तर पर समन्वय समिति गठित की गई है।

दलहन-तिलहन की खेती को भी मिलेगा बढ़ावा

अभियान के दौरान जल संरक्षण, फसल चक्र परिवर्तन और प्राकृतिक खेती के महत्व पर भी किसानों को जागरूक किया जा रहा है। इसके साथ ही दलहन और तिलहन फसलों का उत्पादन बढ़ाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। फसल चक्र अपनाने से मिट्टी में पोषक तत्वों का संतुलन बनाए रखने और खेती की उत्पादकता में सुधार लाने में मदद मिल सकती है।

विभिन्न क्षेत्रों में चला खेत बचाओ अभियान

अभियान में धमधा विकासखंड के धमधा और घुघसीडीह, दुर्ग विकासखंड के सिकोल और पाटन विकासखंड में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों में कृषि विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों, कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों और जनप्रतिनिधियों की सहभागिता रही। उप संचालक कृषि संदीप भोई ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य किसानों को मिट्टी की सेहत के प्रति जागरूक कर खेती की ऐसी पद्धतियां अपनाने के लिए प्रेरित करना है, जिनसे उत्पादन के साथ जमीन की गुणवत्ता भी बनी रहे। अभियान की सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि किसान रासायनिक आढानों का संतुलित उपयोग करते हुए प्राकृतिक और जैविक विकल्पों को अपने खेतों में कितनी प्रभावी ढंग से अपनाते हैं।

सरोज पांडेय ने युवाओं को दिया राष्ट्र निर्माण का संदेश



हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

रविवार को रूंगटा कॉलेज में मन की बात युवाओं के साथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा की पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. सरोज पांडेय मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। उन्होंने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका, शिक्षा, तकनीकी विकास, नवाचार, सामाजिक सहभागिता और बदलते दौर में युवाओं के सामने मौजूद अवसरों पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया और विभिन्न समसामयिक विषयों पर चर्चा की। डॉ. सरोज पांडेय ने कहा कि युवा किसी भी राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति और उसकी प्रगति के प्रमुख आधार होते हैं। युवाओं की ऊर्जा, विचार, रचनात्मकता और कार्यक्षमता देश के भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। भारत के युवाओं में प्रतिभा और सामर्थ्य की कमी नहीं है। आवश्यकता इस बात की है कि वे अपनी क्षमताओं को पहचानें, अपने लक्ष्य निर्धारित करें और व्यक्तिगत सफलता के साथ समाज तथा राष्ट्र के विकास में भी योगदान दें। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय तेजी से बदलती तकनीक, नए आविष्कारों और बढ़ती प्रतिस्पर्धा का दौर है। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे, रूंगटा कॉलेज के प्रबंधक संतोष रूंगटा, कन्हैया सोनी, प्रवक्ता प्रेम लाल साहू, सूरज जायसवाल, महिला मोर्चा अध्यक्ष स्वीटी कौशिक, पार्षद नोहर वर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

- शिक्षा, नवाचार और सामाजिक दायित्वों पर युवाओं से किया संवाद

विधायक रिकेश सेन ने सुनी प्रधानमंत्री के मन की बात



भिलाई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम मन की बात का श्रवण भाजपा जिला कार्यालय में वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, भाजपा जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन सहित वरिष्ठ पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से श्रवण किया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहन देने, किसानों के उत्पादों को वैश्विक बाजारों तक पहुंचाने, महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण, डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं और तकनीकी नवाचार जैसे विषयों पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने वोकल फॉर लोकल अभियान के माध्यम से स्थानीय कारीगरों, बुनकरों और स्वदेशी उत्पादों को प्राथमिकता देने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री ने कृषि उत्पादों के निर्यात, पंजाब की पारंपरिक बुनकरी एवं जैविक कपास से जुड़ी पहल, उत्तराखंड की हेवल नदी के पुनरुद्धार और पूर्वोत्तर में श्रीअन्न की खेती को बढ़ावा देने के प्रयासों का उल्लेख किया। साथ ही, ई-संजीवनी के माध्यम से डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार तथा आईआईटी मद्रास में हो रहे अनुसंधान और स्टार्टअप्स के नवाचारों की सराहना की। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष बृजेश ब्रिजपुरिया, पारस जंघेल, दिनेश सिंह, रवि कश्यप, रिंकू साहू, के. रुद्रमूर्ति, योगेंद्र सिंह, सचिन ताम्रकर, विनोद उपाध्याय सहित अन्य मौजूद थे।

दिव्यांग, वृद्धजनों को मुख्यधारा से जोड़ना ही मानव सेवा

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

समाज कल्याण के क्षेत्र में निरंतर कार्यरत कल्याणी संस्था वृद्ध केयर फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क सहायक उपकरण वितरण और सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दुर्ग कलेक्टर अभिजीत सिंह और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल थे।



शिविर में कुल 200 हितग्राहियों को व्हीलचेयर, ट्राइसाइकिल, श्रवण यंत्र (हियरिंग एड) तथा बैसाखी सहित आवश्यक सहायक सामग्री उपलब्ध कराई गई। कलेक्टर अभिजीत सिंह द्वारा हितग्राहियों को अपने कर-कमलों से सहायक उपकरण और सम्मान भेंट किए। इस शिविर के माध्यम से जरूरतमंद दिव्यांग व वृद्धजनों को उनकी आवश्यकता के अनुरूप उपकरण वितरित किए गए। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने संस्था के सेवा कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि दिव्यांगजनों और वृद्धजनों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ना ही सच्ची मानव सेवा है। एसएसपी विजय अग्रवाल ने युवाओं को नशे की गर्त से बाहर निकालने और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में संस्था के प्रयासों को अनुकरणीय बताया। संस्था द्वारा सुपेला (दुर्ग) एवं कांकेर में संचालित नशा मुक्ति केंद्रों के माध्यम से व्यसन पीड़ित युवाओं के पुनर्वास और उन्हें समाज की मुख्यधारा में लौटाने के संकल्प को दोहराया गया। सुदूर क्षेत्रों से जरूरतमंद दिव्यांगों एवं वृद्धजनों को चिन्हित कर शिविर तक पहुंचाने में सराहनीय भूमिका निभाने वाली समाजसेविकाओं को अतिथियों द्वारा स्मृति-चिह्न (मोमेंटो) व प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। कल्याणी महिला विंग द्वारा संचालित सेनेटरी पैड परियोजना के सामाजिक कोष से 3 जरूरतमंद बच्चों की पढ़ाई हेतु आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गई।

दीपावली के पहले कर्मचारियों-पेंशनरों को 2% महंगाई भत्ता एरियर सहित देने की मांग

दुर्ग। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने प्रदेश के शासकीय कर्मचारियों एवं पेंशनरों को केंद्र सरकार के समान लंबित 2 प्रतिशत महंगाई भत्ता एरियर सहित दीपावली पूर्व प्रदान करने की मांग की है। इस संबंध में फेडरेशन के प्रांतीय संयोजक एवं छत्तीसगढ़ राजपत्रित अधिकारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष कमल वर्मा ने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय एवं वित्त मंत्री श्री ओ. पी. चौधरी को पत्र भेजकर आवश्यक निर्देश जारी करने का अनुरोध किया है। पत्र में उल्लेख किया है कि भाजपा ने अपने घोषणा पत्र में प्रदेश के शासकीय सेवकों को केंद्र के समान महंगाई भत्ता एरियर सहित देने का वादा किया है। फेडरेशन के अनुसार, वर्तमान में प्रदेश के कर्मचारियों को 58 प्रतिशत महंगाई भत्ता मिल रहा है, जो केंद्र सरकार की दर से 2 प्रतिशत कम है। कमल वर्मा ने कहा कि बढ़ती महंगाई के कारण कर्मचारियों एवं पेंशनरों को अपने परिवार की आवश्यकताओं की पूर्ति में आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में लंबित महंगाई भत्ते का भुगतान एरियर सहित किया जाना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन की 6 सितंबर को आयोजित प्रांतीय बैठक में सर्वसम्मति से दीपावली पूर्व महंगाई भत्ता एरियर जारी करने की मांग को लेकर शासन से पत्राचार करने का निर्णय लिया गया था।

हटाए गए 13.3 करोड़ मतदाताओं के नाम बहाल करने उठाई आवाज

कांग्रेस ने चुनावी पारदर्शिता पर उठाए सवाल, मांगा इस्तीफा

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

लोकतंत्र और संविधान की रक्षा तथा मतदाता सूची में कथित अनियमितताओं के विरोध में कांग्रेस ने वोट बचाओ-देश बचाओ अभियान के तहत रविवार को दुर्ग के राजीव भवन में संयुक्त प्रेसवार्ता की। इसमें कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने केंद्र सरकार और भारतीय निर्वाचन आयोग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे, मतदाता सूचियों से हटाए गए 13.3 करोड़ नामों की बहाली और विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर प्रक्रिया को तत्काल स्थगित करने की मांग की। में एआईसीसी ऑब्जर्वर एवं झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष राजेश ठाकुर, पर्यवेक्षक रविन्द्र चौबे, सुबोध हरितवाल, पूर्व महापौर आरएन वर्मा, दुर्ग ग्रामीण अध्यक्ष राकेश ठाकुर, शहर अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल, भिलाई अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर सहित अन्य मौजूद रहे। राजेश ठाकुर ने कहा कि वोट चोरी का मुद्दा केवल किसी एक चुनाव या प्रक्रिया तक सीमित नहीं है। कांग्रेस लगातार मतदाता सूचियों में कथित अनियमितताओं, नाम जोडऩे और हटाने की प्रक्रिया, दोहरे पंजीकरण, चुनावी आंकड़ों में पारदर्शिता तथा ईवीएम और वीवीपैट की कार्यप्रणाली को लेकर सवाल उठाती रही है। रविन्द्र चौबे ने मतदाता सूचियों से जुड़े आंकड़ों का उल्लेख करते हुए कहा कि बेंगलुरु सेंट्रल लोकसभा क्षेत्र के महादेवपुरा विधानसभा क्षेत्र में कथित तौर पर पांच प्रकार की अनियमितताओं के कारण 1,00,250 वोट प्रभावित हुए। इनमें अमान्य तस्वीरों, फॉर्म-6 के कथित दुरुपयोग और संदिग्ध प्रविष्टियों जैसे मामले शामिल बताए गए। राकेश ठाकुर ने बताया कि एआईसीसी के निर्देशानुसार 25 अक्टूबर से 25 नवंबर तक ग्रामीण क्षेत्रों में वोट रक्षक अभियान चलाया जाएगा। इसके तहत घर-घर संपर्क और गांव-गांव चौपालों के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया जाएगा। दिल्ली चलो कार्यक्रम के तहत देशभर के कार्यकर्ताओं और प्रभावित नागरिकों के दिल्ली पहुंचने की अपील की गई।

- 1 को होने वाले आंदोलन को लेकर बैठक में बनी रणनीति



तीनों जिला संगठन ने बैठक में बनाई रणनीति

शहर अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल ने कहा कि लोकतंत्र की रक्षा के लिए संगठन की एकजुटता आवश्यक है। प्रदेश महामंत्री राजेंद्र साहू ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया और प्रत्येक नागरिक के मताधिकार की सुरक्षा पर निर्भर करती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है कि वे आम जनता के बीच जाकर लोकतंत्र की रक्षा के इस अभियान का संदेश पहुंचाएं। बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत बनाते हुए प्रत्येक पात्र मतदाता के अधिकारों की सुरक्षा के लिए सजगता और सक्रियता के साथ कार्य करना आवश्यक है। 1 नवंबर को आयोजित होने वाले धरना-प्रदर्शन को सफल बनाने के लिए सभी कांग्रेसजनों से एकजुट होकर तैयारी करने और संगठन के निर्देशों के अनुरूप अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि संगठन की एकता, कार्यकर्ताओं की सक्रियता और जनभागीदारी से ही लोकतंत्र की रक्षा के संकल्प को मजबूती मिलेगी। धरना-प्रदर्शन को लेकर संगठनात्मक तैयारियों, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की सहभागिता, आपसी समन्वय तथा कार्यक्रम को व्यवस्थित रूप से संपन्न कराने के लिए आवश्यक रूपरेखा तैयार की गई।

108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ की तैयारी शुरू वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को सौंपी जिम्मेदारी

भिलाई। भिलाई में 23 से 26 जनवरी 2027 तक प्रस्तावित ऐतिहासिक 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं राष्ट्रीय शौर्य समृद्धि सम्मेलन की तैयारियां शुरू हो गई हैं। अखिल विश्व गायत्री परिवार के मुख्यालय शांतिकुंज, हरिद्वार के तत्वावधान में होने वाले इस आयोजन की रूपरेखा तय करने के लिए रविवार को गायत्री प्रज्ञापीठ भगवती संस्थान, रामनगर मुक्तिधाम, भिलाई में वरिष्ठ एवं सक्रिय कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण बैठक हुई। इसमें आयोजन को सफल बनाने के लिए विभिन्न व्यवस्थाओं पर चर्चा कर कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपी गईं। बैठक का नेतृत्व शांतिकुंज, हरिद्वार से आए कामता प्रसाद साहू और रामशंकर पटेल के साथ भिलाई उपजोन समन्वयक एस. पी. सिंह, गायत्री शक्तिपीठ सेक्टर-6 के वासुदेव शर्मा, डॉ. एस. कुमार, डॉ. विशाल चन्द्राकर, धीरज लाल टांक सहित गायत्री परिवार के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने किया। बैठक की शुरुआत रामस्वरूप साहू, महेंद्र वर्मा, पृथ्वी पाल साहू और टीकम चन्द्राकर की संगीत टोली द्वारा प्रस्तुत गुरु वंदना से हुई। जनवरी 2027 में होने वाले इस आयोजन में दुर्ग, भिलाई, बेमेतरा, बालोद सहित छत्तीसगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों से हजारों गायत्री परिजनों और सनातन धर्म के अनुयायियों के शामिल होने की संभावना है। इसे देखते हुए यज्ञशाला निर्माण, आवास, भोजन एवं भंडारा, सुरक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की कार्ययोजना तैयार की जा रही है।

खबर संक्षेप



ब्लास्ट फर्नेस के 18 कार्मिकों को मिला शिरोमणि पुरस्कार

भिलाई। भिलाई इस्पात संयंत्र के ब्लास्ट फर्नेस विभाग में उत्कृष्ट कार्य निष्पादन के लिए 18 कार्मिकों को कर्म शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया। पुरस्कार प्राप्त करने वालों में अमरनाथ चौरसिया, अभिषेक गुप्ता, टुकु माझी, राजकुमार शर्मा, सुरेश सिंह कश्यप, मनीष कुमार नेताम, थानू दास बघेल, चंदूलाल तुमरेकी, उलप्पया, अखिलेश्वर, आसित मालो, लक्षण हेमब्रम, पी. जोतेश्वर राव, लक्ष्मी नारायण, शराजेश कुमार बैरवा, संजय सूर्यवंशी, रामचंद्र पारखे और आर रामराव शामिल हैं। मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक विवेक वर्मा ने कार्मिकों को कर्तव्यनिष्ठा एवं समर्पण के साथ कार्य करते हुए योगदान देने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर महाप्रबंधकगण शांतनु मित्रा, विकास नशीने, नवीन कुमार तिवारी, मनीष कुमार तिवारी, के. एसएनआर रमेश और विनीत जोहरी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ प्रबंधक पारुल दीवान व अनिल चेरियन ने धन्यवाद ज्ञापन दिया।

डुंडेरा में सुनी 'मन की बात'

सेलूद । ग्राम डुंडेरा स्थित बूथ क्रमांक 187 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 139वें एपिसोड का सामूहिक प्रसारण आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि केशव महिपाल, बूथ अध्यक्ष रंजना मानिकपुरी, बीएलए-2 हलधर साहू, मंडल मीडिया प्रभारी योगेश महिपाल, जनता बाई साहू, शिवकुमारी जोशी, मोनिका, राधेश्याम साहू, राजेंद्र मानिकपुरी, जीधन साहू, नरगिस और देवेंद्र कुमार महिपाल आदि उपस्थित थे।

भाजपा की शक्ति केंद्र बैठक में बूथ सशक्तीकरण पर मंथन

अंडा। भारतीय जनता पार्टी उतई मंडल के अंतर्गत मचांदूर शक्ति केंद्र की बैठक ग्राम चिरपोटी में लोकेश्वर चंद्राकर के निवास पर आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य 'मन की बात' कार्यक्रम के प्रसारण तथा बूथ स्तर पर संगठनात्मक ढाँचे को सुदृढ़ बनाना था। बैठक में उतई मंडल महामंत्री प्रवीण यदु, शक्ति केंद्र प्रभारी व उतई नगर पंचायत अध्यक्ष सरस्वती साहू तथा सेवा सहकारी समिति रिसामा के अध्यक्ष लोकेश्वर चंद्राकर मुख्य रूप से उपस्थित थे।कार्यक्रम में शक्ति केंद्र संयोजक फलेंद्र सिंह राजपूत, सह-संयोजक लेखराम साहू, सोमन साहू, ओमन लाल साहू, नवाब खान, संतोष साहू, अशोक देवांगन, ललित देवांगन, इमरान खान, नितेश साहू, घनश्याम साहू, धर्मेंद्र साहू, रामरतन मेश्राम, राजकुमार निषाद, इन्द्रांत साहू, घाना साहू, योगेंद्र साहू, लेखराम यादव, गिरधर सिंह, द्वारिका साहू, डिगेश साहू एवं कमलनारायण सहित बूथ अध्यक्ष और कार्यकर्ता शामिल हुए। बैठक में आगामी संगठनात्मक गतिविधियों की रूपरेखा बनाई गई और केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने का निर्णय लिया गया। कार्यकर्ताओं ने निष्ठापूर्वक कार्य करने का संकल्प लिया।

हजारों दीपों से जगमगाया हांफ नदी का तट, शरद पूर्णिमा पर बाघुल में गंगा महाआरती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

शरद पूर्णिमा पर ग्राम बाघुल में गंगा स्वरूपा हांफ नदी के तट पर आस्था का अद्भुत नजारा देखने को मिला। रविवार को आयोजित भव्य गंगा महाआरती में हजारों दीपों की रोशनी से नदी तट जगमगा उठा। चांदनी रात में गूंजते आरती के स्वर और श्रद्धालुओं की सामूहिक सहभागिता ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। वर्ष 2023 में शुरू हुई इस परंपरा का यह चौथा वर्ष था। आयोजन में बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

महाआरती की शुरुआत बजरंगबली चौक दैहान से निकली कलश यात्रा के साथ हुई। सरपंच कृष्णी देवी की अगुवाई में निकली यात्रा गांव के विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए देवी-देवताओं के दर्शन-वंदन के साथ आरती स्थल पहुंची। कलश यात्रा में बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। ग्रामीणों ने भी यात्रा में शामिल होकर बच्चों का उत्साह बढ़ाया।

महाआरती में बाघुल के अलावा दाढ़ी, अमलीडीह, नवागढ़ और रायपुर से भी श्रद्धालु शामिल हुए। बाहर से आए अतिथियों ने इस सामूहिक महाआरती में शामिल होने को सौभाग्यपूर्ण अनुभव बताया। आरती के बाद आकर्षक आतिशबाजी आयोजन का प्रमुख आकर्षण रही। अंत में आयोजन समिति की ओर से श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया।

कलश यात्रा से आतिशबाजी तक दिखा भक्ति और उत्साह का संगम



शिव आरती के बाद मां गंगा की महाआरती

श्रीराम-जानकी तट, शिव मंदिर और शनि मंदिर तट पर श्रद्धालुओं की उपस्थिति में धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुए। पहले भगवान शिव की धूप से आरती की गई, इसके बाद गंगा स्वरूपा हांफ नदी की महाआरती उतारी गई। आयोजन समिति की ओर से आरती की आवश्यक सामग्री की व्यवस्था की गई थी। वहीं, ग्रामीण अपने घरों से सजी हुई आरती की थालियां लेकर पहुंचे और श्रद्धापूर्वक पूजा-अर्चना की।

आयोजन : विशेषज्ञ चिकित्सकों ने किया मरीजों का परीक्षण

अग्रवाल समाज का निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर, 325 मरीजों ने लिया लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| थान खम्हरिया

नगर के रामजीलाल जगदीश प्रसाद भवन में अग्रवाल समाज एवं अग्रवाल महिला मंडल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित निःशुल्क मेगा स्वास्थ्य शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। शिविर में कुल 325 मरीजों ने पहुंचकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लिया। शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के लोगों को एक ही छत के नीचे विशेषज्ञ चिकित्सकों की सलाह और निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना था। शिविर में हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ डॉ. रोहित कनोई, डॉ. हर्षित गोयनका, डॉ. अंकित उमंग झा एवं डॉ. अमित अग्रवाल ने मरीजों का परीक्षण कर उन्हें उचित चिकित्सा परामर्श प्रदान किया। शिविर में बड़ी संख्या में पहुंचे मरीजों ने हड्डियों, जोड़ों, घुटनों एवं कूल्हों से संबंधित समस्याओं की जांच कराई और विशेषज्ञ चिकित्सकों से उपचार संबंधी जानकारी प्राप्त की। डॉ. रोहित कनोई ने मरीजों को गठिया, घुटने एवं कूल्हे के दर्द, ज्वाइंट रिप्लेसमेंट, आर्थ्रोस्कोपी के माध्यम से घुटने एवं कंधे के उपचार तथा हड्डियों से संबंधित विभिन्न विकारों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने मरीजों को आवश्यक सावधानियों एवं उचित उपचार के संबंध में मार्गदर्शन दिया।



डॉ. अंकित उमंग झा ने कहा कि हड्डियों एवं जोड़ों के दर्द को लंबे समय तक नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। समय पर विशेषज्ञ चिकित्सक से परामर्श लेने और उचित उपचार कराने से समस्याओं को गंभीर होने से रोकने में मदद मिलती है।

शिविर में मरीजों के लिए ब्लड प्रेशर (बीपी) एवं शुगर की जांच सहित अन्य स्वास्थ्य सुविधाएं भी उपलब्ध कराई गईं। इसके साथ ही डॉ. आर.पी. शर्मा द्वारा निःशुल्क एक्स-रे जांच की सुविधा प्रदान की गई। इन सुविधाओं से ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र से पहुंचे मरीजों को लाभ मिला। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा महाराजा अग्रसेन के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। अग्रवाल समाज एवं महिला मंडल के संयुक्त प्रयासों से आयोजित इस शिविर को जनहित में एक सराहनीय पहल के रूप में देखा गया। शिविर को सफल बनाने में अग्रवाल समाज के पुरुषोत्तम अग्रवाल, अनिल सिंघानिया, हरि पचेरीवाल, गोपाल अग्रवाल, पवन अग्रवाल, विकास पचेरीवाल, प्रतीक सिंघानिया, आशीष बंसल, पंकज अग्रवाल, वंश अग्रवाल, शौरभ बिंदल, विजय अग्रवाल, अनीश अग्रवाल एवं शिव केडिया सहित अन्य सदस्यों का योगदान रहा। महिला मंडल की ओर से पिंकी अग्रवाल, रीना सिंघानिया, एकिशा अग्रवाल, नीका सिंघानिया, मोनिका सिंघानिया, नेहा केडिया, श्रद्धा अग्रवाल, मोना अग्रवाल, श्वेता मुरारका, मनीषा मित्तल एवं श्रद्धा सिंघानिया सहित अन्य सदस्यों ने सक्रिय भूमिका निभाई। नगर पंचायत अध्यक्ष अनीता अग्रवाल सहित समाज के सदस्यों ने शिविर के सफल आयोजन में सहयोग प्रदान किया।



विद्यार्थियों को दिए करियर सफलता के मंत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

स्वामी विवेकानंद विद्या मंदिर हायर सेकेंडरी स्कूल में कक्षा 10वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए करियर मार्गदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया। आईआईटीयन रूपेश वर्मा ने विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी और करियर चयन के संबंध में मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से हुई। विद्यालय प्रबंधन ने मुख्य वक्ता का पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया।

वर्मा ने कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं है। सही रणनीति, अनुशासन और निरंतर अभ्यास से लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों को अपनी रुचि और क्षमता के अनुसार विषय चुनने तथा सोशल मीडिया से दूरी बनाकर प्रतिदिन 5 से 6 घंटे स्वाध्याय करने की सलाह दी। उन्होंने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान तक पहुंचने के अपने सफर और संघर्ष के अनुभव भी साझा किए। विद्यालय प्रमुख वीरेंद्र जायसवाल ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को समय पर उचित मार्गदर्शन मिलना जरूरी है। इससे उन्हें करियर का लक्ष्य तय करने और भविष्य की तैयारी में मदद मिलेगी। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकगण और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

समाज में सकारात्मक बदलाव के लिए 'पंच परिवर्तन' का मंत्रः संजय पांडेय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| साजा

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) साजा खण्ड द्वारा रविवार को विजयादशमी उत्सव और संघ का 101वां स्थापना दिवस पूर्ण हर्षोल्लास व भव्यता के साथ मनाया। इस पावन अवसर पर पूर्ण गणवेशधारी सैकड़ों स्वयंसेवकों ने घोष की गूंज और कदम-ताल के साथ नगर में भव्य पथ संचलन किया, जिसमें अनुशासन और राष्ट्रभक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। पथ संचलन दोपहर 2 बजे सरस्वती शिशु मंदिर साजा से प्रारंभ हुआ और नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए पुराना बाजार चौक में जाकर संपन्न हुआ। इसके पश्चात संध्या 4 बजे से मुख्य कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सेवानिवृत्त शिक्षक एवं सामाजिक कार्यकर्ता बलराम वर्मा उपस्थित रहे, जबकि मुख्य वक्ता के रूप में दुर्ग विभाग के विभाग कार्यवाह संजय पांडेय ने स्वयंसेवकों का मार्गदर्शन किया।

- साजा में पथ संचलन के साथ गूंजा स्वदेशी व समरसता का संदेश



उन्होंने अपने उद्बोधन मे कहां कि डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार ने 27 सितंबर 1925 (विजयादशमी) को मोहिते बाड़ा नागपुर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना मुख्य रूप से हिंदू समाज को संगठित, अनुशासित और सशक्त करने के उद्देश्य से की थी। विदेशो में इसे हिंदू स्वयंसेवक संघ के नाम से जाना जाता है, इसी बात को आगे बढ़ाते हुए संजय पांडेय ने कहा कि एक समय हिंदू समाज पूरी तरह बिखरा हुआ था और हम अपने 'स्व' (मूल पहचान) व पूर्वजों को भूल चुके थे।

राष्ट्रभक्ति की व्यावहारिक परिभाषा देते हुए विभाग कार्यवाह ने कहा कि केवल नारे लगाना ही देशभक्ति नहीं है, बल्कि एक नागरिक का सबसे पहला कर्तव्य देश के संविधान और कानूनों का पालन करना है। दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनना, चारपहिया वाहन में सीटबेल्ट लगाना और बिना वैध दस्तावेजों के गाड़ी न चलाना ही आज के समय की सच्ची राष्ट्रभक्ति है। व

[देशी संस्कृति के अंधे अनुकरण पर प्रहार करते हुए उन्होंने कहा कि हमें जंक फूड छोड़कर अपने पारंपरिक व पौष्टिक मोटे अनाज (कोदो, कुटकी, रागी) को अपनाना चाहिए। उन्होंने स्वदेशी वस्त्रों और हथकरघा उत्पादों के उपयोग पर बल दिया और कहा कि हमें अपनी मातृभाषा बोलने में गर्व होना चाहिए। विदेशी भाषा सीखना गलत नहीं है, लेकिन अपनी मातृभाषा को हीन समझना और भूल जाना अपनी संस्कृति का घोर अपमान है।

इस गरिमामयी विजयादशमी उत्सव और पथ संचलन में संघ के कई वरिष्ठ पदाधिकारी और क्षेत्र के जनप्रतिनिधि शामिल हुए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से बेमेतरा जिला के जिला संघचालक राजकुमार देवांगन, साजा खण्ड के खण्ड संघचालक पंचराम सिन्हा, दुर्ग विभाग के पर्यावरण संयोजक नूतन राम साहू, साजा क्षेत्र के विधायक ईश्वर साहू, नगर पंचायत साजा के अध्यक्ष हिमांशु वर्मा सहित सैकड़ों की संख्या में स्वयंसेवक उपस्थित रहे। पूरे कार्यक्रम के दौरान नगरवासियों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर संचलन का आत्मीय स्वागत किया और पूरा क्षेत्र देशभक्ति व भगवा रंग में रंगा नजर आया।

डिजाइनर दीयों से रोशन होंगे घर-आंगन

मिट्टी के बर्तनों की बढ़ी मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

दीपावली की आहट के साथ ही मिट्टी के दीये बनाने वाले कुम्हारों के चाक की रफ्तार बढ़ गई है। ग्रामीण अंचलों में कुम्हार परिवार दिन-रात मेहनत कर पारंपरिक दीयों के साथ आकर्षक डिजाइनर दीप, माता लक्ष्मी की प्रतिमाएं, मिट्टी के खिलौने, सुराही और अन्य बर्तन तैयार करने में जुटे हैं। पर्व के लिए तैयार मिट्टी के सामान अब धीरे-धीरे बाजारों में पहुंचने लगे हैं। इस बार मिट्टी के उत्पादों की बढ़ती मांग ने कुम्हारों के चेहरों पर उम्मीद की चमक ला दी है। उन्हें भरोसा है कि दीपावली के साथ उनका पुश्तैनी कारोबार फिर रफ्तार पकड़ेगा और कुम्हारी कला को नई पहचान मिलेगी। नवरात्र पर्व के समापन के बाद से ही कुम्हार दीपावली की तैयारियों में जुट गए हैं। कोई मिट्टी को आकार देकर दीये बना रहा है, तो कोई उन्हें आकर्षक रूप देने में लगा है। पारंपरिक दीयों के साथ डिजाइनदार दीपों पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। वहीं, पूजा के लिए माता लक्ष्मी की प्रतिमाएं और घरों में इस्तेमाल होने वाले मिट्टी के अन्य सामान भी तैयार किए जा रहे हैं। कुम्हारों को उम्मीद है कि इस बार दीपावली पर लोग घरों और आंगनों को रोशन करने के लिए मिट्टी के दीयों को प्राथमिकता देंगे।

- चाइनीज झालरों की चमक के बीच फिर लौट रही कुम्हारी कला



चाइनीज झालरों के बीच फिर बढ़ा दीयों का महत्व

कुछ वर्षों पहले तक चाइनीज झालरों, बिजली की रंग-बिरंगी लाइटों और मोमबत्तियों की बढ़ती लोकप्रियता के बीच पारंपरिक मिट्टी के दीयों की मांग प्रभावित हुई थी। इसका असर कुम्हारों के पुश्तैनी कारोबार पर भी पड़ा। लेकिन अब मिट्टी के दीयों और पारंपरिक उत्पादों के प्रति लोगों की रुचि फिर बढ़ने की उम्मीद दिखाई दे रही है। पिछले दो वर्षों से सोच में आए बदलाव के बीच कुम्हारों ने भी समय के साथ अपने उत्पादों में नए डिजाइन और आकर्षक रूप शामिल किए हैं। पारंपरिक कला को आधुनिक पसंद के अनुरूप ढालने की यह कोशिश उनके कारोबार को नई दिशा दे रही है।

मिट्टी के उत्पादों से पर्यावरण संरक्षण का संदेश : दीपावली पर मिट्टी के दीयों और बर्तनों का उपयोग केवल परंपरा से जुड़ा मामला नहीं है, बल्कि यह स्थानीय कारीगरों की आजीविका को सहारा देने का माध्यम भी है। मिट्टी से बने दीये और पारंपरिक बर्तन स्थानीय स्तर पर तैयार होने वाले उत्पाद हैं। इनके उपयोग से कुम्हार परिवारों को रोजगार मिलता है और स्थानीय हस्तकला को बढ़ावा मिलता है। ऐसे में दीपावली पर मिट्टी के दीये खरीदना कुम्हारों की मेहनत को सम्मान देने के साथ पारंपरिक कला को सहेजने की दिशा में भी एक कदम है।

सार्वजनिक जगहों पर नशाखोरी के खिलाफ पुलिस ने चलाया अभियान, एक दिन में 51 पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने, अड्डेबाजी और असामाजिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए दुर्ग पुलिस ने जिलेभर में विशेष अभियान चलाया। जिले के सभी थाना और चौकी क्षेत्रों में की गई कार्रवाई के दौरान सार्वजनिक स्थानों पर शराब सेवन करने और अड्डेबाजी करते पाए गए लोगों के खिलाफ कुल 51 प्रकरण दर्ज किए गए। पुलिस ने सभी मामलों में छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 36(च) के तहत वैधानिक कार्रवाई की। पुलिस के अनुसार अभियान का उद्देश्य सार्वजनिक स्थानों पर शराब सेवन और ऐसी गतिविधियों पर रोक लगाना था, जिनसे आम नागरिकों को परेशानी होती है और सार्वजनिक शांति एवं कानून-व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका रहती है। इसके लिए जिले के विभिन्न थाना और चौकी क्षेत्रों में पुलिस टीमों ने चौक-चौराहों, बाजारों, पार्कों और अन्य संवेदनशील स्थानों पर सघन चेकिंग की। अभियान के दौरान सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने और अड्डेबाजी करते पाए गए व्यक्तियों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। पुलिस ने संबंधित क्षेत्रों में निगरानी बढ़ाकर ऐसे स्थानों को चिह्नित किया।

पेज 9 के शेष

नवाचार से शिक्षा को ...

सहायक शिक्षक, सुवरतला; राजकिरण मिश्रा, बिसेन सिंह राजपूत, शिक्षक, गोपालपुर; पुष्पेन्द्र सिंह राजपूत, व्याख्याता, नवागांव कला; उषा मानिकपुरी, सहायक शिक्षक, कन्हेरा और इंद्राणी साहू, शिक्षिका जेवरी शामिल हैं।

बिना वैध दस्तावेज ...

(25 वर्ष), निवासी भर्रीगांव, थाना गुरुर, जिला बालोद, हाल मुकाम रायपुर बताया। पूछताछ में चालक ने बताया कि चारों मवेशियों को ग्राम चौरेगा, थाना सिमगा से हेमंत और अन्य लोगों ने वाहन में लोड कराया था। इन्हें मध्यप्रदेश के लांजी ले जाया जा रहा था। मवेशियों के क्रय संबंधी रसीद और परिवहन की वैध अनुमति मांगे जाने पर चालक कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। पुलिस के मुताबिक, मवेशियों को वाहन में ठूंसकर तथा चारा-पानी की उचित व्यवस्था के बिना ले जाया जा रहा था।

विभिन्न धाराओं ...

निधि गुप्ता, प्रधान आरक्षक फागेश्वर देशमुख तथा आरक्षक मोहित देवांगन, मनीष वर्मा, मुकेश पाल, मनीष राजपूत सहित चौकी देवकर के स्टाफ और गौवंश सेवकों की भूमिका रही।

जिला अस्पताल की ...

ओपीडी के परिवर्तित समय का ध्यान रखें, ताकि उन्हें स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लेने में असुविधा न हो।



खबर संक्षेप

सट्टा खिलाने वाला आरोपी पुलिस की गिरफ्त में

भिलाई। उतई पुलिस ने ग्राम डुमरडीह में सट्टा-पट्टी लिखने वाले एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से सट्टे का हिसाब दर्ज कॉलेज कॉपी, 560 रुपए नकद, एक डॉट पेन और विवो कंपनी का मोबाइल फोन जब्त किया है। जब्त सामग्री की कुल कीमत 5,560 रुपए बताई गई है।पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना उतई पुलिस को सूचना मिली थी कि ग्राम डुमरडीह के बड़े पारा में वार्ड 7 स्थित जैतखाम के पास दिनेश कुमार चेलक अंकों पर रुपए-पैसों का हार-जीत का दांव लगवाकर सट्टा-पट्टी लिख रहा है। पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर दिनेश कुमार चेलक (43) को पकड़ा। तलाशी लेने पर उसके पास से विभिन्न अंकों पर लगाए गए दांव और लेनदेन का विवरण दर्ज एक कॉलेज कॉपी, 560 रुपए नकद, एक डॉट पेन और विवो कंपनी का मोबाइल फोन मिला। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करने के बाद न्यायिक रिमांड पर भेज दिया।

गुटखा खाने को लेकर विवाद के बाद मारपीट

भिलाई। बोरिया गेट के पास चाईना मार्केट भिलाई में गुटखा खाकर थूकने का विरोध करने पर मारपीट का मामला सामने आया है। प्रार्थी की शिकायत पर भट्ठी थाना पुलिस ने रवि सोनकर और उसके अन्य दो साथी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार प्रार्थी रोशन कुमार बंजारे (32 वर्ष) ने पुलिस को बताया कि वे सड़क-ईएमआर सेक्टर 4 का निवासी है। रविवार को सुबह करीब 11 बजे बोरिया गेट चौक के पास स्थित चाईना मार्केट भिलाई में घरेलु सामग्री खरीदने गया हुआ था। फल ठेला में फल खरीद रहा था कि एक लड़का गुटका खाते हुए पैर में थूक दिया। विरोध करने पर रवि सोनकर और उसके साथियों ने गालीगालौज करते हुए हाथ मुक्के से मारपीट की। इससे प्रार्थी के होठ, दाहीने तरफ आंख के नीचे, बांए पैर, गर्दन में चोट आई है।

मॉडिफाइड साइलेंसर वाली बाइक पर कार्रवाई, मौके पर निकालकर किया जब्त



भिलाई। शहर में तेज और कर्कश आवाज करने वाले मॉडिफाइड साइलेंसर लगे वाहनों के खिलाफ यातायात पुलिस ने कार्रवाई लगातार जारी है। इसी कड़ी में रविवार को अवंति बाई चौक पर वाहन चेकिंग के दौरान मॉडिफाइड साइलेंसर लगी एक आर-1 बाइक को पकड़ा गया। यातायात पुलिस ने वाहन चालक के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए 5,000 रुपए का जुर्माना लगाया। साथ ही मौके पर ही बाइक से मॉडिफाइड साइलेंसर निकलवाकर जब्त कर लिया गया। पुलिस उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दुर्ग के निर्देश पर यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ लगातार जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी दौरान अवंति बाई चौक पर जांच में बाइक में निर्धारित मानकों से अलग मॉडिफाइड साइलेंसर लगा मिला। इसके बाद पुलिस ने

कल बेमेतरा आएंगे एआईसीसी ऑब्जर्वर शरद अहेर, सुबह 10:30 बजे चौपाल, दोपहर 12:30 बजे पत्रकार वार्ता

लोकतंत्र बचाओ अभियान और दिल्ली कूच की तैयारियों पर कांग्रेस की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



28 अक्टूबर को प्रस्तावित संगठनात्मक कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक जिला कांग्रेस कार्यालय में संपन्न हुई। आयोजित बैठक में पूर्व मंत्री एवं प्रदेश समन्वयक मोहम्मद अकबर, पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू और जिला प्रभारी सुनील महेश्वरी उपस्थित रहे।

बैठक में लोकतंत्र बचाओ अभियान, दिल्ली कूच और आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों की तैयारियों पर चर्चा की गई। बैठक में संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत बनाने, कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने तथा जनहित के मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाने की रणनीति पर विचार-विमर्श किया गया। इस दौरान ब्लॉक, मंडल, सेक्टर और बूथ स्तर तक संगठनात्मक गतिविधियों को गति देने पर जोर दिया गया । अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के ऑब्जर्वर शरद अहेर 28 अक्टूबर बुधवार बेमेतरा पहुंचेंगे। उनके प्रवास के दौरान संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा, कार्यकर्ताओं से संवाद और आगामी कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर बैठकें होंगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सुबह 10:30 बजे चौपाल बैठक होगी। दोपहर 12:30 बजे राजीव भवन, बेमेतरा में पत्रकार वार्ता आयोजित की जाएगी। इसके बाद दोपहर 1 बजे जिला कांग्रेस कमेटी की संगठनात्मक बैठक होगी।

एकजुटता के साथ जनता के बीच पहुंचने पर जोर

जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने बैठक में कहा कि कांग्रेस लोकतांत्रिक मूल्यों, सामाजिक न्याय और आम जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष करने वाला संगठन है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र, संवैधानिक संस्थाओं और जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी बढ़ गई है। संगठन की मजबूती के लिए आपसी समन्वय, अनुशासन और एकजुटता के साथ जनता के बीच पहुंचना जरूरी है। छाबड़ा ने कहा कि लोकतंत्र बचाओ अभियान और दिल्ली कूच को सफल बनाने के लिए जिले के प्रत्येक ब्लॉक, मंडल, सेक्टर और बूथ स्तर तक संगठन को सक्रिय करना होगा। उद्देश्य केवल कार्यक्रम आयोजित करना नहीं, बल्कि जनभागीदारी बढ़ाकर जनता के अधिकारों और जनहित के मुद्दों को मजबूती से उठाना है। उन्होंने कहा कि एआईसीसी ऑब्जर्वर शरद अहेर का बेमेतरा प्रवास संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा और आगामी कार्यक्रमों की रणनीति तय करने के लिहाज से महत्वपूर्ण है। सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को समन्वय के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करना चाहिए। जिला कांग्रेस कमेटी ने सभी ब्लॉक अध्यक्षों, जिला एवं ब्लॉक स्तर के पदाधिकारियों और वरिष्ठ कांग्रेसजनों से निर्धारित कार्यक्रमों में उपस्थित रहने की अपील की।

ये रहे उपस्थित

बैठक में कांग्रेस नेता मंगत साहू, प्रांजल तिवारी, मिथलेश वर्मा, ईश्वर वर्मा, रश्मि मिश्रा, राजू साहू, अश्वनी अनंत, देवेंद्र साहू, गणेश राजपूत, हरीश साहू, शशि प्रभा गायकवाड, विजय बघेल, रवि परगनिहा, सुरित ध्रुव, रीता पाण्डेय, सुमन गोस्वामी, रवि रजक, मनोज शर्मा, मौंटू तिवारी, चंद्रशेखर परगनिहा, शकुंतला साहू, योगिता साहू, मोहित वर्मा, भाव सिंह राज, निलेश ठाकुर, शक्तिधर दीवान, जावेद खान, प्रकाश ठाकुर, टोकेश्वर साहू, जनता साहू, अनिल दुबे, नारायण छाबड़ा, टिकेंद्र परगनिहा, चेतन बंजारे और धनराज बंजारे सहित विभिन्न प्रकोष्ठों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

धान खरीदी से पहले मजदूरों के बकाया भुगतान की मांग

कलेक्टर से जांच की गुहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

धान खरीदी शुरू होने से पहले सेवा सहकारी समितियों में कार्यरत कर्मचारियों और हमालों के बकाया भुगतान का मुद्दा गरमा गया है। जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी की महिला विंग की जिला अध्यक्ष भारती गंधर्व एवं किसान कांग्रेस नेता अंजोर दास घृतलहरे ने कलेक्टर बेमेतरा को पत्र लिखकर दीपावली से पहले बकाया भुगतान कराने और धान खरीदी में कथित अनियमितताओं की उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की है। नेताओं का कहना है कि कई समितियों में कर्मचारियों को डेढ़ साल से वेतन नहीं मिला है, वहीं हमाल और दिहाड़ी मजदूर भुगतान के लिए भटक रहे हैं।

धान खरीदी की तारीख तय होने के बावजूद पुराना बकाया लंबित रहना मजदूरों के साथ अन्याय है। उन्होंने आरोप लगाया कि समितियों तक राशि पहुंचने से पहले कथित वसूली के कारण भुगतान व्यवस्था प्रभावित हो रही है।

तौल पर्ची और खरीदी प्रक्रिया की जांच की मांग

अंजोर दास घृतलहरे ने एक जनवरी 2024 के बाद हुई धान खरीदी, तौल पर्ची और तराजू सहित खरीदी प्रक्रिया की उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की। उन्होंने कहा कि समितियों से संबंधित बड़ी राशि की फाइलों की जांच अब तक पूरी नहीं हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि तौल पर्ची, धान की गुणवत्ता और भुगतान प्रक्रिया की जांच होने पर कथित अनियमितताओं का खुलासा हो सकता है। साथ ही नए धान खरीदी केंद्रों में किसानों की अपेक्षा सामग्री आपूर्तिकर्ताओं को अधिक लाभ मिलने की आशंका जताते हुए पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की।

दीपावली से पहले भुगतान कराने की मांग

भारती गंधर्व और अंजोर दास घृतलहरे ने प्रशासन से मांग की है कि धान खरीदी शुरू होने से पहले कर्मचारियों और हमालों का लंबित भुगतान कराया जाए। साथ ही सभी संबंधित समितियों में धान खरीदी, तौल और भुगतान से जुड़ी शिकायतों की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

राधा-कृष्ण जमात मंदिर में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया शरद पूर्णिमा उत्सव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| थान खम्हरिया

नगर के राधा-कृष्ण जमात मंदिर में शरद पूर्णिमा का पर्व हर्षोल्लास एवं भक्तिभाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर भगवान श्रीकृष्ण का आकर्षक श्रृंगार किया गया।

मंदिर में भजन-कीर्तन के आयोजन से पूरा परिसर भक्तिमय हो उठा। श्रद्धालुओं ने भगवान के दर्शन कर पूजा-अर्चना की तथा खीर का भोग अर्पित कर सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। मंदिर के महंत बसंत बिहारी दास ने शरद पूर्णिमा के धार्मिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, शरद पूर्णिमा की रात्रि में भगवान श्रीकृष्ण ने गोपियों के साथ महारास रचाया था। इसी कारण इसे रास पूर्णिमा भी कहा जाता है। मान्यता है कि इस रात चंद्रमा अपनी सोलह कलाओं से परिपूर्ण होता है और उसकी चांदनी को अमृतमयी माना जाता है। भगवान श्रीकृष्ण की आराधना के लिए इस पर्व का विशेष धार्मिक महत्व है। शरद पूर्णिमा के अवसर पर मंदिर में श्रद्धालुओं ने पूरी श्रद्धा के साथ पूजा-अर्चना कर भगवान श्रीकृष्ण का आशीर्वाद प्राप्त किया। भजन-कीर्तन और धार्मिक अनुष्ठानों से नगर में आस्था एवं आध्यात्मिक उल्लास का वातावरण बना रहा। इस अवसर पर रामचंद्र दास वैष्णव, पुजारी नंदकुमार वैष्णव, राजा वैष्णव, पंडित रामावतार मिश्रा, अनिल सिंघानिया, दीपक बंसल, संजय सिंघानिया, आशीष बंसल, विष्णु जोशी, नटवर सिंघानिया एवं पुरुषोत्तम अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

बच्चों की सुरक्षा और यातायात सुधारने पर जोर

स्कूलों की छुट्टी के समय भारी वाहनों की आवाजाही पर लगेगा आंशिक प्रतिबंध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



स्कूली बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और शहर की यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए स्कूलों की छुट्टी के समय भारी वाहनों की आवाजाही पर आंशिक प्रतिबंध लगाने पर विचार किया गया। इसे लेकर स्थानीय रेस्ट हाउस में नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा की अध्यक्षता में यातायात विभाग की बैठक हुई।

इसमें स्कूलों के आसपास बढ़ते यातायात दबाव, भारी वाहनों के संचालन और सुरक्षित आवागमन के उपायों पर चर्चा की गई। बैठक में इस बात पर जोर दिया गया कि स्कूलों की छुट्टी के समय बच्चों और अभिभावकों की आवाजाही बढ़ जाती है। ऐसे में भारी वाहनों की आवाजाही से सड़क पार करने और सुरक्षित घर पहुंचने में परेशानी होती है। दुर्घटनाओं की आशंका को देखते हुए छुट्टी के निर्धारित समय में भारी वाहनों का आवागमन नियंत्रित करने तथा कुछ समय के लिए आंशिक प्रतिबंध लगाने की व्यवस्था पर विचार-विमर्श किया गया।

बच्चों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता

नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने कहा कि स्कूली बच्चों की सुरक्षा सामूहिक जिम्मेदारी है। स्कूल खुलने और छुट्टी होने के समय सड़कों पर अतिरिक्त सतर्कता बरतने की जरूरत होती है। भारी वाहनों की आवाजाही नियंत्रित करने और संबंधित विभागों के बीच समन्वय से यातायात को व्यवस्थित किया जा सकता है। उन्होंने बच्चों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए व्यावहारिक कदम उठाने पर जोर दिया। बैठक में शहर के प्रमुख मार्गों पर यातायात के दबाव, स्कूलों के आसपास वाहनों की आवाजाही और भारी वाहनों के संचालन के समय को लेकर चर्चा हुई। साथ ही, ऐसी व्यवस्था बनाने पर जोर दिया गया, जिससे बच्चों की सुरक्षा के साथ आम नागरिकों के आवागमन पर भी अनावश्यक असर न पड़े। बैठक में तहसीलदार मिश्रा, थाना प्रभारी सोनल ग्वाला, आरआई खलको, नगर पालिका के मुख्य नगर पालिका अधिकारी नरेश वर्मा, ट्रक संघ एवं व्यापारी संघ के प्रतिनिधि चंदन सोनी सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

गन्ना की दर में बढ़ोतरी और नए धान खरीदी केंद्रों पर भाजपा किसान मोर्चा ने जताया आभार



नवागढ़। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की अगली किस्त 30 अक्टूबर को जारी किए जाने के अवसर पर भाजपा किसान मोर्चा जिला बेमेतरा के अध्यक्ष ठाकुर युवराज सिंह ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति किसान हितैषी निर्णयों के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

जिलाध्यक्ष ठाकुर युवराज सिंह ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा गन्ना किसानों के लिए प्रति क्विंटल 70 रुपये की वृद्धि का निर्णय महत्वपूर्ण है। इससे गन्ना उत्पादक किसानों को आर्थिक लाभ मिलेगा। उन्होंने प्रदेश में 354 नए धान उपार्जन केंद्र खोलने के फैसले का भी स्वागत करते हुए कहा कि इससे किसानों को उपज बेचने में सुविधा होगी और खरीदी व्यवस्था गांवों के करीब पहुंचेगी। उन्होंने बताया कि बेमेतरा जिले में 38 नई सहकारी समितियों के गठन और 17 नए धान उपार्जन केंद्रों की स्थापना से जुड़ी पहल को गति मिली है। इससे किसानों को स्थानीय स्तर पर धान बेचने की सुविधा मिलने और सहकारी व्यवस्था मजबूत होने की उम्मीद है। ठाकुर युवराज सिंह ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार के किसान हितैषी फैसले कृषि एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। किसान मोर्चा किसानों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाने और उनके हितों से जुड़े कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास करता रहेगा।

रात्रि गश्त बढ़ाने और महिला-बाल अपराधों को प्राथमिकता से सुलझाने पर जोर

नवागढ़ थाने के निरीक्षण में एसपी हुए सख्त लंबित मामलों के त्वरित निराकरण के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल ने नवागढ़ थाने के वार्षिक निरीक्षण के दौरान अपराध नियंत्रण, लंबित प्रकरणों के निराकरण और प्रभावी पुलिसिंग को लेकर अधिकारियों-कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने अवैध गतिविधियों पर सख्ती बरतने, रात्रि गश्त बढ़ाने और आमजन के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करने पर जोर दिया।

निरीक्षण के दौरान एसपी ने बंदी गृह, महिला एवं सियान डेस्क, विवेचक कक्ष, मालखाना और थाना परिसर का जायजा लिया। जब्ती माल सहित विभिन्न रजिस्टरों, हिस्ट्रीशीट और ग्राम अपराध पुस्तिका की जांच कर अभिलेखों के सुव्यवस्थित संधारण तथा परिसर में साफ-सफाई बनाए रखने के निर्देश दिए। एसपी ने अवैध शराब, जुआ, सट्टा, गांजा और नशीली दवाओं के कारोबार में संलिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने को कहा। लंबित अपराध, मर्ग, गुम इंसान और शिकायतों का शीघ्र निराकरण करने के साथ महिला एवं बाल अपराधों को प्राथमिकता से सुलझाने के निर्देश दिए। गुमशुदा बच्चों की तलाश और बरामदगी के लिए अभियान चलाने तथा संपत्ति संबंधी अपराधों के आदतन आरोपियों पर निगरानी रखने को भी कहा। अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए रात्रि गश्त, पेट्रोलिंग और कॉम्बिंग ऑपरेशन बढ़ाने के निर्देश दिए गए। बस स्टैंड, चौपाटी और अन्य भीड़भाड़ वाले स्थानों पर नियमित जांच करने, संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ चालानी कार्रवाई करने को कहा। सरप्राइज चेकिंग और सशक्त एप के उपयोग को बढ़ावा देने के साथ गोवंश तस्करी तथा सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम पर भी जोर दिया गया। एसपी ने बीट प्रभारियों और आरक्षकों को नियमित क्षेत्र भ्रमण कर स्थानीय नागरिकों से संवाद स्थापित करने तथा अवैध गतिविधियों की सूचनाएं जुटाने के निर्देश दिए। निगरानीशुदा अपराधियों पर नजर रखने और बीट पुस्तिका को अद्यतन रखने को कहा।

वहीं, स्कूलों, कॉलेजों, गांवों और हाट-बाजारों में साइबर जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी से बचाव के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए। उन्होंने महिलाओं एवं अन्य अपराध पीड़ितों को नियमानुसार क्षतिपूर्ति का लाभ दिलाने के लिए विधिक सेवा प्राधिकरण में प्रकरण प्रस्तुत करने तथा सोशल मीडिया पर सतत निगरानी रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान रीडर-1 निरीक्षक कृष्णकांत सिंह, थाना प्रभारी नवागढ़ निरीक्षक दुलेश्वर चंद्रवंशी, उप निरीक्षक द्वारिका प्रसाद देशलहरे सहित थाना नवागढ़ के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

खपरी में निकली जागरूकता रैली

नशे के राक्षस का पुतला दहन कर ग्रामीणों ने लिया नशामुक्त का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

नशे की लत व्यक्ति ही नहीं, पूरे परिवार और समाज को प्रभावित करती है। इससे मुक्ति के लिए जनजागरूकता और सामूहिक प्रयास जरूरी हैं।

इसी संदेश के साथ अखिल विश्व गायत्री परिवार, शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में गायत्री परिवार नवागढ़ एवं ग्रामवासियों के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम खपरी (मेंहना) में नशामुक्ति जनजागरूकता अभियान एवं ग्राम विकास दीप महायज्ञ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जागरूकता रैली निकालकर ग्रामीणों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराया गया। वहीं, नशे के प्रतीकात्मक राक्षस का पुतला दहन कर नशामुक्त समाज बनाने का संकल्प लिया गया।



गीत-नारों से दिया नशामुक्ति का संदेश

कार्यक्रम का शुभारंभ यज्ञ स्थल पर गुरु वंदना एवं मातृ वंदना के साथ हुआ। इसके बाद नशामुक्ति जागरूकता रैली निकाली गई। हाथों में पोस्टर-बैनर लेकर शामिल ग्रामीणों ने नशामुक्ति के गीतों और नारों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। रैली दुर्गा चौक और स्कूल पारा होते हुए लक्ष्मी चौक पहुंची। इसके बाद सतनामी पारा और वर्मा पारा से होते हुए दुर्गा चौक के रास्ते वापस कार्यक्रम स्थल पहुंची।

रैली के दौरान नशे को दूर भगाना है, खुशहाली को लाना है और देखा-देखी किया नशा, आदत बिगाड़ी, बुरा फंसा जैसे नारों से नशे के खिलाफ आवाज बुलंद की गई। कार्यक्रम स्थल पर नशे के प्रतीकात्मक राक्षस का पुतला दहन किया गया।

नशा व्यक्ति के साथ परिवार और समाज को भी करता है प्रभावित

रैली को संबोधित करते हुए मेढ़की साहू समाज के अध्यक्ष विष्णु साहू ने कहा कि नशा केवल व्यक्ति को ही बर्बाद नहीं करता, बल्कि घर-परिवार, समाज और गांव के वातावरण को भी खराब करता है। रैली के बाद ग्राम विकास दीप महायज्ञ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला समन्वयक डॉ. खोमराम साहू ने कहा कि गांव को आदर्श बनाने के लिए पौधारोपण, नशा उन्मूलन, नारी जागरण और कुरीति उन्मूलन जैसे रचनात्मक कार्यों को बढ़ावा देना होगा।

नशा नहीं करने और दूसरों को जागरूक करने की ली शपथ

कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों ने स्वयं नशा नहीं करने और दूसरों को भी नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया। इस दौरान रूपेन्द्र वर्मा, योगेन्द्र राजपूत, वीरेन्द्र कुमार राजपूत, राजकुमार वर्मा, विकेश राजपूत, रामवतार वर्मा, नरोत्तम यादव, कुमार वर्मा, लोमश राजपूत, टीकाराम वर्मा, सुरेंद्र राजपूत, प्रकाश राजपूत, सतीश कुमार, समीर राजपूत, बाबूलाल कर्माकर, तुलाराम वर्मा, गजानंद राजपूत, बलीराम यादव, दीपक वर्मा, चिंटू राजपूत, शिवशंकर मरावी, ओमप्रकाश वर्मा, निर्मल ध्रुव, गंगाराम वर्मा, सुरेंद्र साहू, गेंदु निषाद, विसहत साहू, संतोष ध्रुव, अंगद निषाद, हेमकुमार साहू, अशोक साहू, चिंताराम, नवल राम वर्मा, परमेश्वर साहू सहित समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।

